राज्य स्तरीय जूडो खेल प्रतियोगिता में जीसीडब्ल्यू की राधिका ने हासिल किया रजत पदक

सिरसा | सिरसा टुडे

राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा राधिका ने राजकीय महाविद्यालय, भेरियां (पिहोवा कुरुक्षेत्र) में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वाधान में राज्य स्तरीय जूडो खेल प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय व अपने शहर का नाम को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री . विक्रमजीत सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्राचार्य प्रो. राम कुमार जांगड़ा के मार्गदर्शन व खेल प्रभारी प्रो. निर्मला रानी के दिशानिर्देशन में 52 किलोग्राम वर्ग में भाग लेते हुए राधिका ने सोनीपत के प्रतिभागी को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि को हासिल कर महाविद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राम कुमार जांगड़ा ने राधिका को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राम कुमार जांगड़ा, स्टाफ सचिव श्री . विक्रमजीत सिंह व खेल विभाग के सभी सदस्यों ने प्रो0 यादविंदर, श्री संदीप, प्रो0 रितु, प्रो.. निर्मला व डॉ. सतपाल व ललित कुमार ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुबारकबाद प्रदान करते हुए राधिका के सफल, सुखद, स्वर्णिम एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।